Form No. III
फर्द–अहकाम
(नियम 26)

अज अदालत **लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी (राजस्व) (जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़** मुकाम **चित्तौड़गढ**

मोहित बनाम **लोक सूचना अधिकारी एवं अधिशाषी अभियंता जन. स्वा. अभि. विभाग खण्ड निम्बाहेडा जिला चित्तौड़गढ़**

कार्यवाही अन्तर्गत :- धारा 19(1) सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

किस्म मुकदमा	अपील (सूचना का अधिकार)	नं0	**073**	सन्	**2025**

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
17.09.2025	सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत प्रथम अपील प्राप्त हुई जो पेश हुई। अपीलार्थी मोहित कुमावत पिता विनोद प्रकाश कुमावत निवासी 49/11 आर.के. कॉलोनी, निम्बाहेडा तहसील निम्बाहेडा जिला चित्तौड़गढ़ (राज.) ने सूचना प्राप्ति हेतु सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत यह प्रथम अपील प्रस्तुत की है। अपीलार्थी द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के **लोक सूचना अधिकारी एवं अधिशाषी अभियंता जन. स्वा. अभि. विभाग खण्ड निम्बाहेडा जिला चित्तौड़गढ़** को प्रस्तुत आवेदन पत्र के संबंध में संबंधित लोक सूचना अधिकारी के विनिश्चय दिनांक 18.08.2025 से व्यथित होकर अपने अपील आवेदन-अवगत कराया गया है कि अपीलार्थी को वांछित सूचना नियमानुसार उपलब्ध नहीं कराने से अधिनियम 2005 की धारा 19(1) के तहत हस्तगत प्रथम अपील प्रस्तुत की गई है। अपीलार्थी द्वारा अपील आवेदन के साथ संबंधित लोक सूचना अधिकारी का पत्रांक/733-734 दिनांक 18.08.2025 प्रस्तुत किया गया है, इसके अतिरिक्त अन्य कोई दस्तावेज यथा अधिनियम 2005 के तहत प्रस्तुत मूल आवेदन पत्र की प्रति भी प्रस्तुत नहीं की गई है। यहॉ उल्लेखनीय है कि यह प्रथम अपीलीय न्यायालय लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) का अपीलीय प्राधिकारी होकर लोक सूचना अधिकारी/सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत निर्धारित अवधि में सूचना उपलब्ध नहीं कराने पर ही प्रथम अपील ग्रहण करता है। हस्तगत प्रकरण में अपीलार्थी द्वारा तहत **लोक सूचना अधिकारी एवं अधिशाषी अभियंता जन. स्वा. अभि. विभाग खण्ड निम्बाहेडा जिला चित्तौड़गढ़** के विरूद्ध प्रस्तुत की गई है एवं तहत **लोक सूचना अधिकारी एवं अधिशाषी अभियंता जन. स्वा. अभि. विभाग खण्ड निम्बाहेडा जिला चित्तौड़गढ़** लोक सूचना अधिकारी(राजस्व) की श्रेणी के अन्तर्गत नहीं आते है। ऐसी स्थिति में तहत **लोक सूचना अधिकारी एवं अधिशाषी अभियंता जन. स्वा. अभि. विभाग खण्ड निम्बाहेडा जिला चित्तौड़गढ़** के विरूद्ध सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत प्रस्तुत अपील की क्षेत्राधिकारिता इस न्यायालय को प्राप्त नहीं है। अतः हस्तगत प्रथम अपील क्षेत्राधिकारिता को बिन्दु पर इस न्यायालय में पोषणीय नहीं होना पाया जाता है। अतः अपीलार्थी को संबंधित प्रथम अपीलीय प्राधिकारी के यहां नियमानुसार मय वांछित दस्तावेजात के अपील प्रस्तुत करने के निर्देशों के साथ अपील निस्तारित किया जाना उचित प्रतीत होता है। उपर्युक्त विश्लेषण के साथ के आधार पर अपीलार्थी द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत प्रस्तुत प्रथम अपील क्षेत्राधिकारिता के बिन्दु पर पोषणीय नहीं होने से खारीज की जाती है, अपीलार्थी को सक्षम संबंधित अपीलीय प्राधिकारी के यहां अपील प्रस्तुत करने के निर्देशों के साथ अपील निस्तारित की जाती है। अहकाम की प्रतिलिपि अपीलार्थी को जरिये रजिस्टर्ड डाक के निःशुल्क प्रेषित की जावें। पत्रावली की गणना निर्णित इन्द्राज की जाकर बाद आवश्यक कार्यवाही अभिलेखागार भिजवाई जावें। -S/D- (आलोक रंजन) लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ 17.09.2025 सत्यमेव जयते Web Copy - Not Official	